THE MINISTER OF STATE IN THE DEPARTMENT OF INDUSTRIAL DEVELOPMENT IN THE MINISTRY OF INDUSTRY (SHRI M. ARUNACHALAM): (a) The required information is given below:—

(In million tonnes)

Year	Production (Estimated)	Demand as estimated by Working Group on Cement Industry for Seventh Five Year Plan
1988-89	43.50	46.00
1989-90	49.00	49.00

(b) and (c). In case ot the actual demand falling short of the demand as estimated by the Working Group there may be a marginal surplus of cement by the end of the Seventh Plan Period.

(d) The export of cement has since been decanalised and the cement manufacturers are free to export cement to any country.

Frequent rises in the prices of light Commercial Vehicles

484. SHRI BAIKUNTHA NATH SAHU:
SHRI JERLIE E. TARIANG:

Will the Minister of INDUSTRY be pleased to state:

(a) whether there have been frequent rises in the prices of Light Commercial Vehicles;

(b) if so, what are the reasons therefor; and

(c) whether any instructions have been issued to the manufacturers of Light Motor Vehicles to see that the prices are increased in such a way that the market may bear the same?

THE MINISTER OF STATE IN THE DEPARTMENT OF INDUSTRIAL DEVELOPMENT IN THE MINISTRY OF INDUSTRY (SHRI M. ARUNACHALAM): (a) and (b) In the recent past, the light commercial vehical manufacturers, particularly those with Japanese collaboration have had to increase the prices of their vehicles frequently due to the steep appreciation in the value of the yen, its effect on the duties and taxes to be paid by the manufacturers and the rising input costs.

(c) No, Sir.

मारुति कारों का उत्पादन और उनके मूल्यों में वृद्धि

485. **श्री मीर्जा इर्शादबेग:** क्या **उद्योग** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) मारुति उद्योग लिमिटेड ने इस वर्ष तथा पिछले वर्ष कितनी कारों का उत्पादन किया, इन्हें उपभोक्ताओं को किस दाम पर बेचा गया, कारों के किन-किन माडलों पर कीमतों में वृद्धि की गयी और इस वृद्धि के कारण क्या हैं;

(ख) इस समय प्रत्येक राज्य में कितने बिक्री केन्द्र काम कर रहे हैं और क्या उपभोक्ताओं के लाभार्थ इन केन्द्रों में वृद्धि किये जाने की कोई योजना है और जिन राज्यों में ये केन्द्र खोले जाने का विचार है उनके नाम क्या हैं तथा वहां कितने-कितने अतिरिक्त केन्द्र खोले जाने की योजना है;

(ग) मारुति उद्योग लिमिटेड का वार्षिक मुनाफा कितना है; और

(घ) मारुति कारों के पुर्जे कब तक सम्पूर्ण रूप से स्वदेशी हो जायेंगे?

उद्योग मंत्री (श्री जे० वेंगल राव): (क) 1987-88 तथा 1988-89 (20-2-89 तक) के दौरान मारुति उद्योग लिमिटेड की कारों का उत्पादन तथा उनकी कीमतें विवरण-I में दी गई हैं। मारुति कारों की कीमतों में वृद्धि अमरीकी डालर की तुलना में रुपये का मूल्य गिर जाने तथा कच्चे माल और खरीदे गये हिस्से पुर्जों की लागत मे वृद्धि हो जाने के कारण हुई है।

(ख) मारुति उद्योग लि० के वर्तमान डीलरों के 83 बिक्री केन्द्र हैं और उनका विचार निकट भविष्य में 24 अतिरिक्त बिक्री केन्द्र खोलने का है। विद्यमान तथा

प्रस्तावित बिक्री केन्द्रों का राज्यवार ब्यौरा विवरण-II में दिया गया है।

(ग) मारुति उद्योग लि० ने 1987-88 में 26.44 करोड़ रुपये का लाभ कमाया था।

(घ) मारुति को 1990-91 तक 92% संचयी स्वदेशीकरण प्राप्त करने की आशा है। इसके अतिरिक्त स्वदेशीकरण इसकी प्रभावकारी लागत पर निर्भर करेगा।

विवरण-I

1987-88 और 1988-89 (20-2-1989 तक) मारुति उद्योग लि० द्वारा कारों का उत्पादन इस प्रकार है:—

वर्ष	उत्पादन (संख्या)
1987-88	64,581
1988-89 20-2-89 तक	58,869

1987-88 और 1988-89 के दौरान मारुति कारों का कारखाने से निकलते समय का मूल्य (उत्पादन शुल्क और डीलर का कमीशन सहित) इस प्रकार है:—

माडल	कारखाने से निकलते समय का मूल्य रुपयों में (निम्न तारीख से लागू)				
	12-3-87	14-10-87	1-3-88	21-5-88	16-1-89
मारुति-800 स्टैंडर्ड	71,550	72,550	73,260	77,210	80,000
मारुति 800 (वातानुकूलित)	86,750	88,075	88,940	94,320	97,110
मारुति 800 डीलक्स	102,650	103,975	105,000	109,880	112,670

विवरण-II

विद्यमान और प्रस्तावित बिक्री केन्द्रों की राज्यवार सूची

राज्य/केन्द्र शासित प्रदेश	बिक्री केन्द्रों की संख्या	
	विद्यमान	प्रस्तावित
दिल्ली	9	1
राजस्थान	4	1
उत्तर प्रदेश	8	3
हरियाणा	2	3
मध्य प्रदेश	5	2
हिमाचल प्रदेश	1	—
चंडीगढ़	2	—
पंजाब	3	—
जम्मू और कश्मीर	2	2
गुजरात	5	—
महाराष्ट्र	12	1
गोवा	1	—
उड़ीसा	1	1
पश्चिमी बंगाल	4	—
असम	1	—
बिहार	5	1
नागालैण्ड	1	—
कर्नाटक	4	1
केरल	3	3
आन्ध्र प्रदेश	4	1
तमिलनाडु	6	4
	83	24

मैसर्स जी० एस० इन्टरप्राइजेज, शालीमार पार्क, शाहदरा, दिल्ली द्वारा घरेलू गैस के नये कनेक्शनों का जारी किया जाना

486. **श्री सुनील कुमार पट्टनायक:** क्या **पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या यह सच है कि इंडियन आयल कारपोरेशन लिमिटेड के उच्च अधिकारियों की जानकारी के बिना मैसर्स जी० एस० इन्टरप्राइजेज, शालीमार पार्क, शाहदरा, दिल्ली-110032 को यह निदेश दिया गया है कि वह मैसर्स प्रेस्टीज गैस एजेंसी के पास पंजीकृत उपभोक्ताओं को केवल बुकिंग स्लिपों के आधार पर घरेलू गैस के कनेक्शन जारी करें;